मूल्य 1 रु.
वर्ष: 12 - अंक : 155, मुंबई, शनिवार, 23 जुलाई, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## मुंबई पुलिस कमिश्नर से मिले सलमान खान
## मांगा हथियार के लिए लाइसेंस

**मुंबई।** सुपर स्टार सलमान खान शुक्रवार को मुंबई पुलिस कमिश्नर से मिलने पहुंचे। मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फनसलकर से मिलकर सलमान खान अपने घर के लिए रवाना हो गए। कुछ दिनों पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने उनके पिता सलीम खान और उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। सलीम खान सुबह रोज की तरह घर से टहलने निकले थे।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



**मूसेवाला की हत्या के बाद सलमान खान को मिली थी जान से मारने की धमकी**



## दुकानों पर मराठी साइन बोर्ड लगाने की समय-सीमा सितंबर तक बढ़ाई गई : बीएमसी

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने शुक्रवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों को मराठी देवनागरी लिपि वाले साइन बोर्ड लगाने के लिए दी गई समय-सीमा सितंबर तक बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति आर डी धानुका की अध्यक्षता वाली पीठ भारतीय होटल एवं रेस्तरां संघ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने साइन बोर्ड की भाषा, अक्षरों के आकार और भाषाओं के क्रम को बदलने के लिए पूर्व में दी गई 31 मई की समयसीमा को चुनौती दी थी।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# शिवसेना विधायक का गंभीर आरोप

## ‘शिंदे को जान से मारने की सुपारी, धमकी के बाद भी सुरक्षा बढ़ाने से ठाकरे ने रोका’

**मुंबई हलचल / संवाददाता**


**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना विधायक सुहास कांदे ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर एक बेहद गंभीर आरोप लगाया है। विधायक सुहास कांदे का आरोप है कि एकनाथ शिंदे को जान से मारने की सुपारी दी गई थी। यह सुपारी नक्सलियों को दी गई थी। शिंदे की हत्य का लिए नक्सलवादी ठाणे तक आ गए थे। जब एकनाथ शिंदे को नक्सलवादियों द्वारा जान से मारने की धमकी मिली थी तब एक तरफ तो शिंदे को जेड प्लस सुरक्षा दी जानी चाहिए थी, लेकिन इसके उलट तात्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे ने यह आदेश दिया कि एकनाथ शिंदे की सुरक्षा नहीं बढ़ाई जाए।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### आदित्य ने मनमाड में जवाब दिया

सुहास कांदे के इस वक्तव्य के बाद उद्धव ठाकरे समर्थक शिवसैनिक काफी नाराज हो गए। पिंपलगांव टोलनाके के पास उनके काफिले को उन्होंने रोक दिया। लेकिन सुहास कांदे ने मनमाड में भारी तादाद में भीड़ जुटाकर जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। आदित्य ठाकरे ने भी मनमाड में शिंदे गुट पर जमकर प्रहार किया। अपने शिवसंवाद यात्रा के दूसरे दिन मनमाड में आदित्य ठाकरे ने कहा कि गद्दारों में सही सवाल करने की हिम्मत नहीं है। पीठ पर खंजर घोंप कर शिंदे सीएम बन बैठे हैं।



## महाराष्ट्र में आफत बनकर बरसेंगे बादल!

**अगले 4 दिन काफी अहम, मुंबई समेत कोंकण, मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में अलर्ट**

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अगले चार दिनों तक मूसलाधार बरसात का अनुमान जताया गया है। आज (23 जुलाई) से मुंबई समेत कोंकण, नासिक, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा रीजन में जोरदार बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हमारी बात

### बड़ी जीत

भारत ने अपना भावी राष्ट्रपति चुन लिया, यह समग्रता में देश के लिए खुशी और उत्सव का समय है। ठीक एक महीने पहले 21 जून को जब भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा की थी, तभी यह लगभग तय हो गया था कि देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलने जा रही है। इनके नाम की घोषणा से विपक्ष बुरी तरह डगमगा गया, उसमें दरारें दिखने लगीं। राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में यशवंत सिन्हा को आगे करने वाली तृणमूल कांग्रेस में भी हिचकिचाहट पैदा हो गई। ओडिशा के लिए यह खुशी का मौका था कि पहली बार कोई ओडिया राष्ट्रपति बनने जा रहा था, तो बीजू जनता दल खुलकर द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में आ गया। इस बीच महाराष्ट्र में भाजपा विरोधी गठबंधन की सरकार गिर गई और भाजपा के समर्थन से जब सरकार बनी, तब साफ हो गया कि महाराष्ट्र से भी अब द्रौपदी मुर्मू के वोट बढ़ जाएंगे। ध्यान रहे, राष्ट्रपति चुनाव व उम्मीदवारों के नाम की घोषणा से पहले समग्र विपक्ष का वोट मूल्य सत्तारूढ़ गठबंधन से लगभग डेढ़ प्रतिशत ज्यादा था। मामूली अंतर के बावजूद विपक्ष ने अपने उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के पक्ष में जोश दिखाया, तो यह भी भारतीय लोकतंत्र की खूबी ही है। वैसे यह संभावना इतिहास में दर्ज हो गई है कि काश, भाजपा द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा पहले कर देती, तो शायद विपक्ष अपनी ओर से किसी उम्मीदवार को आगे ही नहीं करता। इस संभावना या बात का विपक्षी पार्टियों के कुछ नेताओं ने खुलकर इजहार भी किया। खैर, यह भी इतिहास में दर्ज हो गया है कि देश के 15वें राष्ट्रपति के लिए हुए चुनाव में जमकर सियासत हुई। उम्मीदवारों की ओर से नेताओं की तरह कुछ बयानबाजी भी हुई। सत्ता पक्ष ने विपक्ष को सियासी व नैतिक मुश्किल में डाला और आसानी से हरा दिया। यह अफसोस तो हर बार होता है कि काश, राजनीतिक दल राष्ट्रपति चुनने के मोर्चे पर एकमत हो पाते। कम से कम एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति चुनने पर सभी सहमत हो सकते थे, इसके लिए सम्मिलित प्रयास होने चाहिए थे। आजाद देश में केंद्र व राज्यों में चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब तक केवल एक बार ऐसा हुआ है, 1977 में नीलम संजीव रेड्डी निर्विरोध राष्ट्रपति चुने गए। अब द्रौपदी मुर्मू 25 जुलाई को अपना कार्यभार संभालेंगी और आजादी के अमृत वर्ष में देश की कीर्तिगाथा में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। देश के आदिवासी समाज ने एक लंबा सियासी सफर तय किया है, उनकी उपलब्धियां कतई कमतर नहीं हैं। भारतीय लोकतंत्र में आदिवासियों की छोटी-बड़ी उपलब्धियों से ही ऐसा समीकरण बना है, जब देश के प्रथम नागरिक के रूप में हम एक आदिवासी महिला को देखेंगे। यह वाकई नया भारत है। संविधान निर्माताओं ने इसी समावेशी भारत की कल्पना की थी, जिसमें हर वर्ग को शीर्ष स्तर पर प्रतिनिधित्व मिलेगा। देश के लगभग 12 करोड़ आदिवासी निस्संदेह गर्व का एहसास करेंगे, वे अपने जीवन में सुधार लाने को प्रेरित होंगे। भारतीय संविधान की असीम संभावनाओं की रोशनी में यह विकास की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित होने का समय है। सर्वोच्च पद का संदेश पूरे देश में साकार होना चाहिए, आदिवासियों या देश की सियासत की यह उपलब्धि केवल सांकेतिक न रह जाए, यह अपने स्तर और अपनी सीमा में रहते अगली राष्ट्रपति को भी सुनिश्चित करना होगा। दुनिया हमारी समृद्ध विविधता के एक नए रूप से रूबरू होने जा रही है।

# क्लाइमेट इमरजेंसी !



***जलवायु परिवर्तन हमारे देश और पूरी दुनिया के लिए अस्तित्व का खतरा है। यह एक इमरजेंसी है, एक इमरजेंसी है और मैं इसे इसी रूप में देखूंगा- जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति।***

***आग और हीटवेव के चलते आधी मानवता ही सामूहिक आत्महत्या के मुहाने पर पहुंच गई है- एंटोनियो गुतारेस, महासचिव संयुक्त राष्ट्र संघ।***

***जिस तरह का हीटवेव पूरे यूरोप में दिख रहा है वह जल्दी ही न्यू नॉर्मल बन जाएगा। उसके बाद इसकी तीव्रता बढ़ती जाएगी। कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हो रहा है और पहले ही पारिस्थितिकी में हमने इतना कार्बन भर दिया है कि उसका निगेटिव असर दशकों तक रहेगा- पेटेरी टलास, महासचिव वर्ल्ड मेटियोरोलॉजिकल ऑगेनाइजेशन, डब्लुएमओ।***

ये तीन बयान पिछले एक हफ्ते में दिए गए हैं। पहले 40 देशों के पर्यावरण मंत्रियों के सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से आधी मानवता आत्महत्या के मुहाने तक पहुंच गई है। इसके बाद वर्ल्ड मेटियोरोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव पेटेरी टलास ने कहा कि अभी जितनी गर्मी पड़ रही है या जो हीटवेव दिख रहा है वह आगे कई दशकों तक बढ़ता ही जाएगा। उसके बाद बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मैसाचुसेट्स के एक पुराने ताप विद्युत घर में खड़े होकर कहा कि पूरी दुनिया के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा है कि वे इसे इमरजेंसी की तरह लेंगे और उसी तरह इससे निपटने के उपाय करेंगे। जलवायु परिवर्तन से मानवता के सामने आए संकट के बारे में इस तरह के बयान देने वाले ये तीन ऐसे लोग हैं, जो इस स्थिति को बदलने का ठोस प्रयास कर सकते हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि बातों के अलावा कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। अमेरिका राष्ट्रपति बाइडेन ने भी सिर्फ बातें की। उन्होंने इसे इमरजेंसी बताया लेकिन 'क्लाइमेट इमरजेंसी' घोषित नहीं की। अमेरिका में उनकी अपनी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद और पर्यावरण के कार्यकर्ता 'क्लाइमेट इमरजेंसी' घोषित करने की मांग कर रहे हैं लेकिन राष्ट्रपति इसकी घोषणा नहीं कर रहे हैं। सवाल है कि इससे ज्यादा इमरजेंसी की क्या स्थिति हो सकती है? इस समय लगभग पूरा यूरोप धधक रहा है और अमेरिका से लेकर जापान और चीन तक हीटवेव चल रही है। भारत अभी हीटवेव के दौर से निकला है और मॉनसून का सीजन शुरू हो जाने के बाद भी गर्मी समाप्त नहीं हुई है। इसके बावजूद 'क्लाइमेट इमरजेंसी' घोषित करने के लिए पता नहीं किस बात का इंतजार किया जा रहा है? ऐसा लग रहा है कि दुनिया के अमीर और अगुवा देश अपनी जिम्मेदारी से बचना चाह रहे हैं।

वे जलवायु परिवर्तन पर होने वाले भारी भरकम खर्च उठाने से पीछे हट रहे हैं। तभी इमरजेंसी बताने के बावजूद बाइडेन ने सिर्फ 2.3 अरब डॉलर यानी कोई साढ़े 18 हजार करोड़ रुपए की घोषणा करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। इसका भी इस्तेमाल कूलिंग स्टेशंस आदि बनाने और मेक्सिको की खाड़ी के आसपास पवन ऊर्जा परियोजनाओं पर होगा। लेकिन अभी दुनिया की जो स्थिति है उसे ठीक करने के लिए इससे कई गुना ज्यादा खर्च की जरूरत है। अमेरिका और दूसरी विश्व संस्थाओं को इसकी जिम्मेदारी उठानी होगी। यह विकसित देशों की जिम्मेदारी है कि वे फॉसिल फ्यूल यानी जीवाश्म ईंधन पर से दुनिया की निर्भरता कम करने के ठोस उपाय करें। अगर वे चाहते हैं कि पारिस्थितिकी में और कार्बन न फैले तो उन्हें कार्बन उत्सर्जन रोकने के उपायों की पहल करनी होगी। भारत या दूसरे विकासशील देश इस पर होने वाले खर्च का भार नहीं उठा सकते हैं। भारत में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पनबिजली जैसी वैकल्पिक ऊर्जा के साधनों की भरमार है। लेकिन ताप विद्युत घरों को बंद कर वैकल्पिक ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने के लिए जितना पैसा चाहिए उतना भारत या भारत जैसे दूसरे देश नहीं खर्च कर सकते हैं। ध्यान रहे दुनिया को इस स्थिति में लाने में भारत या दूसरे विकासशील देशों का बहुत कम हाथ है। दुनिया आज इतनी प्रदूषित हुई है या जल रही है तो उसका कारण विकसित देश हैं। आज भी दुनिया में होने वाले कार्बन उत्सर्जन में विकसित देशों का हिस्सा 79 फीसदी है। उन्हें अपनी इस गलती को सुधारना होगा। अब तक जलवायु परिवर्तन का खामियाजा गरीब और कम विकसित देश झेल रहे थे। लेकिन अब यूरोप, अमेरिका और जापान, चीन जैसे देशों को इस हकीकत का अहसास हुआ है। यूरोप और दुनिया के सात विकसित देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। ब्रिटेन के इतिहास में पहली बार तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा है। ब्रिटेन के अलावा फ्रांस, इटली, पुर्तगाल, स्पेन और ग्रीस में गर्मी लगातार कहर बरपा रही है। हीटवेव की वजह से कई जगह जंगलों में आग लगी हुई है, जिससे तापमान और बढ़ रहा है। एक हफ्ते में स्पेन और पुर्तगाल में 17 सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में गर्मी से सड़कें पिघल रही हैं और रेल लाइनें पिघल कर टेढ़ी हो जाने के डर से ट्रेन सेवाएं बंद हैं। गर्मी की वजह से ब्रिटेन में स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

दूसरे यूरोपीय देश स्पेन में करीब 70 हजार हेक्टेयर जंगल खाक हो चुका है और 13 हजार के करीब लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। स्पेन के कुछ हिस्सों में तापमान 44 डिग्री पहुंचा हुआ है। पुर्तगाल में भी हीटवेव का कहर है। तापमान बढ़ने से अकेले पुर्तगाल में सात से 18 जुलाई के बीच एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में इस हफ्ते तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस हो गया और 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के जंगल में आग लगी है। अमेरिका के कई शहरों में भारी गर्मी पड़ रही है। देश की कुल आबादी के 25 फीसदी यानी आठ करोड़ से ज्यादा लोग भीषण गर्मी की चपेट में हैं। टेक्सास, लॉस एंजिलस, ओकलाहोमा और मिसीसिपी जैसे अमेरिकी शहरों में तापमान 40 से 50 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान है। जापान में पहली बार ऐसी गर्मी पड़ी कि तमाम ओल्ड एज होम्स में एसी लगाने की जरूरत पड़ गई। भारत में आमतौर पर हीटवेव वाले दिन 20 के आसपास होते थे लेकिन इस बार इनकी संख्या दोगुनी हो गई।

जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाली संस्था इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज यानी आईपीसीसी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि औद्योगिकीकरण से पहले यानी 19वीं सदी के मुकाबले इस समय धरती का तापमान 1.25 फीसदी बढ़ चुका है और अगले एक दशक में डेढ़ फीसदी ज्यादा हो जाएगा। इसका नतीजा यह होगा कि मौसम का अतिरेक हर जगह देखने को मिलेगा। कहीं भारी बारिश होगी और बाढ़ व भूस्खलन की घटनाएं बढ़ेंगी तो कहीं भयावह गर्मी पड़ेगी और कहीं कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। कई स्थितियां एक साथ देखने को मिल सकती हैं, जैसे चीन में भारी बारिश हो रही है और जबरदस्त गर्मी भी पड़ रही है। अगर आज से गंभीरतापूर्वक इसे ठीक करने का प्रयास हो तभी अगले कुछ दशक में स्थिति काबू में आएगी। लेकिन सिर्फ बातें होती रहीं तो हर साल मौसम के अतिरेक से मरने वालों की संख्या बढ़ती जाएगी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बीजेपी सरकार द्वारा लागू किये जा रहे खाने-पीने की सामग्री पर जीएसटी कानून के विरोध में समाजवादी पार्टी उतरी सड़कों पर

## 'नारेबाजी की डॉलर हुआ 80 के पार बदली करो मोदी सरकार'

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** बीते दो वर्षों से कोरोना काल की मार से देश उभर नहीं पाया और कोरोना काल के कारण लोगों की जिंदगी चरमराकर रह गई ऊपर से बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जनजीवन तहस-नहस कर दिया है लोग भुखमरी के कगार पर आ गए हैं अमीर आदमी अमीर बनता चला गया गरीब और गरीब हो गया देश की अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो गई लोगों के कारोबार ठप हो गए नौकरियां खत्म हो गई है लेकिन उस पर सोने पर सुहागा बीजेपी सरकार द्वारा यह तोहफा दिया गया है की खाने पीने की सामग्री पर जीएसटी कानून लागू करने का निर्णय लिया गया है दूध दही लस्सी मक्खन चावल आटा दाल और बच्चों की पढ़ाई लिखाई में उपयोग होने वाली स्टेशनरी की तमाम वास्तु पर जीएसटी दरें लागू की जाएगी इसका भरपूर विरोध करते हुए पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और आपको बताते चलें खाने-पीने की सामग्री पर जीएसटी कानून लागू करने का निर्णय को लेकर मुंब्रा शहर में समाजवादी पार्टी द्वारा नूरानी होटल के पास धरना प्रदर्शन किया गया यह धरना प्रदर्शन समाजवादी




पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी के मार्गदर्शन में कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष कलीम जमाई के नेतृत्व में पूरे कार्यकर्ता पदाधिकारी और महिला समेत धरना प्रदर्शन किया गया है और जमकर बीजेपी सरकार के विरोध में नारेबाजी की बैनर कटआउट हाथों में लेकर सड़कों पर नजर आए और बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की डॉलर हुआ 80 के पार बदली करो मोदी सरकार इस अवसर पर बात करते हुए कलीम जमाई ने बताया कि जो सरकार द्वारा जीएसटी कानून लागू किया जा रहा है दरअसल वह काला कानून है गरीबों के ऊपर अत्याचार किया जा रहा है एक तो महंगाई की मार वर्षों से गरीब झेल रहा है उस पर जीएसटी लागू करके सरकार द्वारा मध्यम वर्ग आदमी और गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का अत्याचार किया जा रहा है और महिलाओं ने मोदी सरकार पर वार करते हुए कहा कि महंगाई ने हम महिलाओं का पूरा किचन का बजट बिगाड़ के रख दिया है दाल तेल दूध रसोई गैस महंगी तकरीबन सभी वस्तु मोदी सरकार ने महंगी कर दी हम किस तरह से गुजर बसर कर रहे हैं यह हमारे दिल से पूछो और अभी सरकार ने खाने-पीने की सामग्री पर भी और बच्चों की पढ़ाई लिखाई में उपयोग होने वाली स्टेशनरी पर भी जीएसटी लागू करने का निर्णय लिया है यह निर्णय ने हम लोगों की रातों की नींद हराम कर दी है हम बच्चों को क्या खिलाएंगे और किस तरह से शिक्षा दिलाएंगे तो हम महिलाएं मोदी जी से निवेदन करती हैं कि कृपया इस कानून को वापस ले ताकि कुछ हद तक हम लोगों को राहत मिल सके गौरतलब बात तो यह है जिस तरह से सरकार द्वारा खाने-पीने की सामग्री पर और बच्चों की पढ़ाई लिखाई में उपयोग होने वाली स्टेशनरी पर जीएसटी कानून लागू करने का निर्णय लिया है उसको लेकर पूरा देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है अब देखना यह है जिस तरह से विरोध प्रदर्शन पूरे देश में किया जा रहा है जीएसटी कानून को लेकर क्या सरकार जीएसटी कानून वापस लेगी है यह तो समय ही बताएगा।

# महिलाओं को ठग रहा सीनियर सिटीजन गिरोह!

## पुलिस के हत्थे चढ़ा 62 वर्षीय आरोपी

**संवाददाता**

**मुंबई।** ऑनलाइन ठगी से लेकर राह चलते लोगों को ठगने वाले आरोपियों में ज्यादातर युवाओं के नाम आते हैं, लेकिन एक मामले में बुजुर्ग का नाम आया है। यह बुजुर्ग ठगी का शिकार भी बुजुर्ग महिलाओं को बनाता था। गोवंडी पुलिस ने आरोपी 62 वर्षीय आसिफ शब्बीर सैयद को गिरफ्तार किया है। आसिफ पर आरोप है कि वह घर से बाहर किसी काम से निकली अकेली बुजुर्ग महिलाओं को ठगता था। उसके खिलाफ ठगी के 58 मामले दर्ज हैं। शब्बीर इस मामले में अकेला आरोपी नहीं है, बल्कि वह बाकायदा गैंग बनाकर महिलाओं को ठगता है। ये आरोपी पूर्वी उपनगर के गोवंडी, मानखुर्द एवं चेंबूर आदि इलाकों में घूमते हैं। अगर कोई अकेली बुजुर्ग महिला दिख जाती



है, तो ये पहले मदद के बहाने उसके पास जाते हैं और खुद को भाई-बहन के समान बताकर बातचीत करते हैं। जब बातचीत बढ़ जाती है, तो उसके गहने आदि ठग कर भाग जाते हैं।

**मदद मांगना पड़ा भारी**

25 जून को 70 वर्षीय महिला घर जा रही थी। महिला ने पुलिस को बताया कि रास्ता खराब होने के कारण उसे चलने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए उसने आसिफ से मदद मांगी। आसिफ ने महिला से कहा कि वह खराब रास्ते पर चलते समय गिर सकती है, जिससे उसके गहने खराब हो सकते हैं। बातों में आकर महिला ने आसिफ की दी हुई थैली में मोबाइल, आभूषण आदि रख दिए और उसके साथ चलने लगी। कुछ दूर चलकर आसिफ ने महिला को थैली वापस कर दी और वहां से चला गया। महिला ने जब थैली देखी, तो उसमें से सोने के 80 हजार रुपये के गहने गायब थे। महिला की शिकायत पर गोवंडी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार किया। हालांकि, इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपी फरार हैं।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई पुलिस कमिश्नर से मिले सलमान खान

जिस बेंच पर वे अक्सर बैठा करते थे, वहां उन्हें एक लेटर रखा हुआ मिला था। उसमें यह धमकी दी गई थी कि पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की तरह उनका और सलमान खान का हाल हो जाएगा। इसके बाद सलमान खान की पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। सलमान खान ने भी धमकी मिलने के बाद अपनी सुरक्षा के लिए हथियार रखने के लाइसेंस के लिए अप्लाई किया था। सलमान खान अपनी सुरक्षा से जुड़े अपडेट लेने और उन्हें जो धमकी दी गई थी, उस संबंध में विस्तार से बताने के लिए मुंबई पुलिस कमिश्नर से मिले। इस वक्त लॉरेंस बिश्नोई दिल्ली की जेल में बंद है। दिल्ली पुलिस ने जब इस धमकी भरे लेटर के बारे में लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ की थी तो वो साफ मुकर गया था। उसने कहा था कि पता नहीं किसने उसके नाम पर यह धमकी भरा पत्र जारी किया है। लेकिन लॉरेंस बिश्नोई ने यह जरूर स्वीकार किया कि कुछ सालों पहले सलमान खान के हाथों काले हिरण के शिकार के मामले में वो उनसे बहुत नाराज था और तब उसने अपने एक सहयोगी संपत नेहरा को उनकी हत्या करने के लिए कहा था। लॉरेंस बिश्नोई ने पूछताछ में तब यह भी कबूल किया था कि उसने इस काम के लिए तीन-चार लाख रुपए के एक स्पेशल आरके स्प्रिंग राइफल भी मंगवाने के लिए ऑर्डर दिया था। लेकिन काम को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

### शिवसेना विधायक का गंभीर आरोप

सुहास कांदे का कहना है कि एकनाथ शिंदे गढ़चिरोली जिले के संरक्षक मंत्री हैं जो कि नक्सलियों का गढ़ है। इसके बावजूद उनकी सुरक्षा में ढिलाई बरती गई। सुहास कांदे ने पूर्व पर्यटन मंत्री और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे को चैलेंज दिया है कि अगर वे गलत कह रहे हैं तो आदित्य ठाकरे उनकी बातों का आज जवाब दें। अगर उनकी बातें गलत साबित हुई तो वे राजनीति से संन्यास ले लेंगे। आदित्य ठाकरे ने कहा कि वे उनका जवाब देने को तैयार हैं, मुंबई में ठाकरे परिवार के मातोश्री निवास के दरवाजे खुले हुए हैं। आज मनमाड में आदित्य ठाकरे की शिवसंवाद यात्रा है और सुहास कांदे ने भी मनमाड में शक्ति प्रदर्शन किया। सुहास कांदे ने आरोप लगाया कि जब नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी तो केंद्रीय गृहमंत्री, राज्य के गृहमंत्री और राज्य के गृह राज्यमंत्री ने एकनाथ शिंदे को जेड प्लस सुरक्षा देने का फैसला किया। लेकिन वर्षा बंगले से फोन कर सुरक्षा बढ़ाने से मना किया गया। सुहास कांदे के आरोपों की पुष्टि पूर्व गृह राज्यमंत्री शंभुराज देसाई ने भी की है। वे भी अब शिंदे गुट में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन तात्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे का उन्हें फोन आया था। उन्होंने फोन पर एकनाथ शिंदे के बारे में पूछा। शंभुराज देसाई ने कहा कि उन्होंने कहा कि शिंदे की सिक्योरिटी को लेकर गंभीरता से विचार कर रहे हैं तो उद्धव ठाकरे ने कहा कि कोई जरूरत नहीं है उनकी सुरक्षा बढ़ाने की।

### महाराष्ट्र में आफत बनकर बरसेंगे बादल!

पिछले हफ्ते महाराष्ट्र में बरसात ने कहर ढाया था इसके बाद पिछले तीन-चार दिनों से थोड़ी राहत थी लेकिन मौसम विभाग ने एक बार फिर अगले चार दिनों के लिए मूसलाधार बरसात का अनुमान जता कर बाढ़ग्रस्त इलाकों में चिंताएं बढ़ा दी हैं। मराठवाड़ा के जालना, हिंगोली, नांदेड़ जिले में रविवार और सोमवार को जोरदार बरसात होने का अनुमान है। इन इलाकों में पिछले कुछ दिनों से बरसात कम हुई थी। इससे बाढ़ राहत से जुड़े कामों में तेजी आई थी। पिछले दो दिनों में कुछ इलाकों में हल्की और मध्यम स्तर की बरसात हुई है लेकिन ज्यादातर इलाकों में बरसात रुकी हुई है। अब एक बार फिर मौसम विभाग ने कल से जोरदार बरसात का अलर्ट जारी किया है। इस वजह से बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों की चिंताएं बढ़ी हैं। बुलढाणा जिले में मूसलाधार बरसात ने कहर ढाया है। कल से बारिश में थोड़ी कमी दिखाई दी है। लेकिन एक दिन पहले तक हुई मूसलाधार बरसात की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

### दुकानों पर मराठी साइन बोर्ड लगाने की समय-सीमा सितंबर तक बढ़ाई गई : बीएमसी


बीएमसी की अधिवक्ता धृति कपाड़िया ने अदालत को बताया कि नगर निकाय ने समय-सीमा बढ़ा दी है और दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों को मराठी साइन बोर्ड लगाने के लिए सितंबर 2022 तक की मोहलत प्रदान की गई है। वहीं, याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता विशाल थडानी ने अदालत को भरोसा दिलाया कि दुकान और प्रतिष्ठान नयी समय-सीमा में दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। इसके बाद खंडपीठ ने याचिका का निपटारा कर दिया।

# जीवन में सच्चा गुरु धर्मज्ञ व निस्वार्थी होता हैं: अतुल सहगल

## 'सच्चा गुरु कौन' पर आर्य गोष्ठी संपन्न

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'सच्चा गुरू कौन' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल में 420 वां वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने इस अत्यंत मौलिक और सर्वदा प्रासांगिक विषय को लेते हुए गुरु की विस्तृत परिभाषा प्रस्तुत की और सृष्टि में ज्ञान, शिक्षा और सत्कर्मों की प्रेरणा देने वाले अनेक स्त्रोतों की चर्चा की' वर्तमान समाज में अनेक प्रकार के शिक्षकों,प्रचारकों,प्रशिक्षण देने वालों और व्यक्तिवाद पर आधारित छोटे छोटे पंथ चलाने वालों को गुरु की संज्ञा दे दी जाती है।पर इनमें सब सच्चे गुरु की श्रेणी में नहीं आते।सच्चा गुरु सच्चे धर्म की शिक्षा देने वाला होता है। वह मनुष्य को उसकी सर्वांगीण उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाता है। वह अर्धज्ञान, भ्रान्तियों, छल और पाखंड से कोसों दूर होता है। उन्होंने ऐसे गुरु की विवेचना की। सृष्टि में ज्ञानी मनुष्यों के अतिरिक्त अन्य प्राणी-पशु पक्षी और वृक्ष आदि भी शिक्षा के स्त्रोत हैं। उनसे साधारण मानव बहुत कुछ सीख सकता है। साथ ही सच्चे गुरु के चयन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए स्वामी विरजानद और




उनके शिष्य महर्षि दयानन्द का उदाहरण प्रस्तुत किया।आजकल अनेक मनुष्य अपनी भौतिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए ही भटकते हैं और ढोंगी बाबाओं के पास पहुँच कर अपनी हानि करते हैं। सामान्य मनुष्य को अपने विवेक को बलवान और प्रबल बनाने पर जोर दिया, जिससे दुष्ट और पाखंडी तथाकथित गुरुओं से बच सकें।सच्चे गुरु मनुष्य हो सकते हैं जिनमें विद्वान, आप्त पुरुष सम्मिलित हैं। सच्चा गुरु धर्मज्ञ और निस्वार्थी होता है। वह अपने शिष्य को धर्म के मार्ग पर चलाकर उसका कल्याण करता है। ईश्वर की ओर संकेत करते हुए कहा कि वह सर्वोच्च सच्चा गुरु है क्योंकि वह गुरुओं का गुरु है। उसका मार्गदर्शन हमें अपने अन्तःकरण में मिलता रहता है।हमें उसके संकेत और सन्देश ग्रहण करने चाहियें। उसके साथ उपासना पद्धति से अपना जोड़ जोड़े रखना चाहिए। सच्चे गुरु की विवेचना में आर्ष ग्रंथों की चर्चा भी की और उन्हें गुरु रूप बताया। सच्चे गुरु की विस्तृत व्याख्या करते हुए,उसकी पहचान की सही है प्रस्तुत की। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने संचालन करते हुए कहा कि हम एक मटका भी लेते है तो ठोक बजा कर देखते हैं तो गुरु भी सोच विचार परख कर बनाना चाहिए। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् जगदीश पाहुजा व अरुण आर्य (प्रधानाचार्य डी ए वी स्कूल झंडेवालान) ने भी महर्षि दयानंद जी को सच्चा गुरु बताया कि जो केवल समाज के लिए कार्य करते हैं। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने विज्ञापन गुरुओं से सावधान रहने का आह्वान किया। गायक सुदेश आर्या, रविन्द्र गुप्ता, कमला हंस, ईश्वर देवी, प्रतिभा कटारिया, कुसुम भंडारी, कौशल्या अरोड़ा, रेखा गौतम, जनक अरोड़ा, मृदुला अग्रवाल, कमलेश चांदना आदि के मधुर भजन हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# नाबालिग को 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की इजाजत



## चाइल्ड प्रेग्नेंसी पर हाईकोर्ट की चिंता, कहा- इंटरनेट पर पोर्न आसानी से उपलब्ध

**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नाबालिग लड़कियों के गर्भवती होने के बढ़ते मामलों पर केरल हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा है कि इंटरनेट के असुरक्षित इस्तेमाल से बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है। घटनाओं को रोकने के लिए यौन शिक्षा पर दोबारा विचार करना जरूरी है। कोर्ट ने 13 साल की 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट लड़की के अबॉर्शन की अनुमति दी है। चाइल्ड प्रेग्नेंसी के बढ़ते मामलों पर कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट पर पोर्न आसानी से उपलब्ध है। इससे युवाओं पर गलत असर पड़ रहा है। जस्टिस वी.जी. अरुण ने कहा कि 13 साल की लड़की के अबॉर्शन पर फैसला सुनाने से पहले बालिकाओं के गर्भवती होने के मामलों में बढ़ोतरी पर बात करना ज्यादा जरूरी है। चाइल्ड प्रेग्नेंसी के कुछ मामलों में करीबी रिश्तेदार शामिल होते हैं।

**आसानी से मिल जाती है अश्लील सामग्री:** केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि ऑनलाइन माध्यम से आसानी से उपलब्ध अश्लील सामग्री के कारण युवाओं को गलत चीजें मिल रही हैं, उन्हें इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में बताना जरूरी है। कोर्ट ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि हमारे स्कूलों में दी जा रही यौन शिक्षा पर दोबारा विचार किया जाए। 13 साल की लड़की को उसके नाबालिग भाई ने प्रेग्नेंट कर दिया था। जस्टिस अरुण ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए अबॉर्शन की अनुमति दी।

**सुप्रीम कोर्ट ने 24 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की दी थी अनुमति:** इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए अविवाहित महिला को 24 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को खत्म करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि महिला शादीशुदा नहीं है, केवल इस वजह से उसे गर्भपात करवाने से नहीं रोका जा सकता। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई तक दिल्ली एम्स के डायरेक्शन में एक पैनल बनाने और अबॉर्शन से जुड़ी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

# अलग अलग कांडो में संलिप्त चार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समस्तीपुर।** नगर थाना के तहत दिनांक 18 जुलाई 2022 की रात्रि करीब 11 बजे मुहल्ला बारह पत्थर वार्ड संख्या 15 में रूबी कुमारी के पिता राम शकल राय मुहल्ला बारह पत्थर निवासी के घर पर अभियुक्त यशपाल कुमार एवं अन्य के द्वारा गोली बारी कि घटना कि गई। जिस सम्बन्ध में नगर थाना कांड संख्या 201/ 2022 दिनांक जुलाई 2022 धारा 498 (ए)/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट प्राथमिकी अभियुक्त सोना देवी पति राम इकबाल राय, राम इकबाल राय पिता धन्नू राय एवं यशपाल कुमार पिता राम इकबाल राय के विरुद्ध दर्ज हुआ। दिनांक 19 जुलाई 2022 कि रात्रि 11:30 बजे मुहल्ला बंगाली टोला शेखटोली स्थित मो ताबिश पिता मो0 आदिब मुहल्ला बंगाली टोला शेख टोली वार्ड संख्या 24 में अपराधियों द्वारा जान लेवा हमला करते हुए गोली बारी घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना में मो ताबिश गम्भीर रूप से जखमी हो गये। जिस सम्बन्ध में नगर थाना कांड संख्या 203/ 2022 दिनांक 20 जुलाई 2022 धारा 341/323 /324/ 326/ 307/ 504/ 506/34 भदवि एवं 327 आर्म्स एक्ट के विरुद्ध मो0 सैफुल्लाह पिता मो नूर, अवधेश राज, मो0 सज्जाद पिता मो0 कलाम मूहल्ला बंगाली टोला शेख टोली वार्ड संख्या 23 थाना नगर जिला समस्तीपुर निवासी के विरुद्ध दर्ज हुआ। दिनांक 20 जुलाई 2022 को समय करीब पांच बजे मुहल्ला मिडिल स्कूल धर्मपुर के पास प्रिंस कुमार पिता स्व0 आसो पासवान साकिन धर्मपुर वार्ड संख्या 2 थाना नगर जिला समस्तीपुर को घेरकर अपराधियों द्वारा बेल्ट, छुरा से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। जिस सम्बन्ध में नगर थाना कांड संख्या 204/2022 दिनांक 21 जुलाई 2022 धारा 341 /323 / 324/ 326/ 307/ 504/ 506/34 भादवि के विरुद्ध दीपक पासवान पिता महेश पासवान,सज्जन पासवान पिता रामू पासवान सा किन धर्मपुर वार्ड संख्या 2 थाना नगर जिला समस्तीपुर के विरुद्ध दर्ज हुआ। कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक हृदयकांत के निर्देश में पुलिस उप कप्तान मो0 सेहबान हबीब फखरी के नेतृत्व एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी टीम द्वारा घटना के बाद मानवीय / तकनीकी आसूचना एवं अनुसंधान के आधार पर आसूचना संकलन कर उक्त कांड संलिप्त अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। इसकी पुष्टि आज नगर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में सदर डीएसपी मो0 सेहबान हबीब फखरी ने की। उन्होंने बताया कि पकड़े गये चार अपराधियों में यशपाल कुमार, मो0 सज्जाद, अवधेश राज एवं सज्जन कुमार का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि पकड़े गई यशपाल कुमार के पास से कांड में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद किया गया है। छापामारी टीम में नगर थाना अध्यक्ष अरुण कुमार राय,आफताब आलम, प्रमोद कुमार, सत्येन्द नारायण शर्मा, अशोक कुमार, फैजुल अंसारी आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।



# उदयपुर में मां आशापुरा संगठन की बैठक संपन्न, ख्याली लाल भील अध्यक्ष मनोनीत



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** उदयपुर में मां आशापुरा संगठन की बैठक आज दिनांक 22.7.2022 को जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रमुख चेतन सोनी ने की। बैठक में वार्ड स्तर का विस्तार करते हुए वार्ड 3 अध्यक्ष पद पर ख्यालीलाल भील ओर वार्ड 23 के अध्यक्ष पद पर सुनिल वैद को मनोनित किया गया। बैठक में नरेन्द्र सिंह चोहान कमलेश जोशी, गिरराज कुमावत, मनीष सालवी, मांगीलाल सालवी, विजय जोशी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब हैं कि मां आशापुरा संगठन सामाजिक कार्यों और सेवा कार्यों के लिए जाना जाता हैं। मां आशापुरा संगठन उदयपुर संभाग और आसपास के क्षेत्रों में काफी सक्रिय हैं। उक्त जानकारी संगठन प्रमुख चेतन सोनी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी का दाम्पत्य जीवन सुखमय हुआ

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** प्रार्थिया शोभा देवी के प्रार्थना पत्र पर काउंसलिंग की गई। शोभा और श्यामदेव को समझाया बुझाया गया। काउंसलिंग के दौरान श्यामदेव को सख्त हिदायत दी गई कि वह शराब पीकर पत्नी और बच्चों को नहीं पीटेगा। शोभा देवी अपने पति श्यामदेव के साथ सुलह कर बीना किसी दबाव के अपने बच्चों के संग पति के साथ रहने जा रही है। परिवार परामर्श केंद्र में इस मामले को सुलझाने में परिवार परामर्श केंद्र के प्रभारी भूपेंद्र कुमार मिश्रा, काउंसलर प्रिया कुमारी, हेड कांस्टेबल अनीता पांडे, हेड. कां.मिथिलेश राय, हेड कांस्टेबल कौशल्या चौहान, आरक्षी, रंजू मिश्रा, रेनू उपाध्याय आरक्षी के द्वारा अथक प्रयास किया। परिवार परामर्श केंद्र गोरखपुर इस दंपत्ति के सुखद दाम्पत्य जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता है। उक्त जानकारी समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार सुश्री प्रिया शुक्ला ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



# स्व0 रामचंद्र पासवान कि मनाई गयी तीसरी पुण्यतिथि

**संवाददाता/जकी अहमद**

**समस्तीपुर।** दलित सेना के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे स्वर्गीय रामचंद्र पासवान की तीसरी पुण्यतिथि गुरुवार को शहर के रामबाबू चौक स्थित रालोजपा नगर कार्यालय में पार्टी के जिला प्रवक्ता व नगर अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा की अध्यक्षता एवं अनुसूचित जाति-जनजाति जिलाध्यक्ष राजा पासवान के संचालन में मनाई गई।



मौके पर उपस्थित रालोजपा कार्यकर्ताओं ने अपने दिवंगत सांसद रामचंद्र पासवान के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। पुण्यतिथि समारोह को सम्बंधित करते हुए जिला प्रवक्ता उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय रामचन्द्र पासवान का कर्मभूमि समस्तीपुर जिला था। रामचन्द्र पासवान सरल स्वभाव के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि थे। रालोजपा कार्यकर्ताओं को परिवार के सदस्य कि तरह समान सदैव दिए। आज उनकी कमी सभी रालोजपा कार्यकर्ताओं को खल रही है। स्मृति शेष रामचन्द्र पासवान के कार्य हमें उर्जा प्रदान कर रहे हैं। आज हम समस्तीपुर रालोजपा कार्यकर्ताओं संकल्प लेते है कि उनके पद चिन्हों पर चलकर समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज के मार्गदर्शन में समाज के सभी वर्गों के सहयोग लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। स्वर्गीय रामचन्द्र पासवान की तृतीय पुण्यतिथि समारोह मे श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में नगर अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा, पूर्व विधायक विश्वनाथ पासवान, नीरज भारद्वाज, अनुसूचित जाति-जनजाति जिला अध्यक्ष राजा पासवान, मधुबाला सिन्हा, ऋषि कुमार, डॉ0 विनोद कुमार, रिता पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, जीवक्ष पासवान, महिला जिलाध्यक्ष रीना सहनी, विमला देवी, रीना कुमारी, रवि झा, गोपाल शर्मा, अंटू कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# एमवीए के सभी सांसदों, विधायकों को अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका खारिज


**मुंबई।** मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने शुक्रवार को महा विकास आघाड़ी के सभी सांसदों और विधायकों के लिए अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली एक याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह 'विचार योग्य नहीं' है। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसा आदेश जारी करना एक 'गलत परंपरा' स्थापित करेगा। महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में शिवसेना का उद्धव ठाकरे खेमा, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। महाराष्ट्र में 29 जून तक यह गठबंधन सत्ता में था। जून में कांग्रेस कार्यकर्ता मधु होलामगी, यूसुफ पटेल और रंजीत दत्ता द्वारा जून में दायर याचिका में दावा किया गया कि केंद्र (तत्कालीन) राज्य सरकार को दबाने के इरादे से एमवीए घटकों को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा था। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था, लेकिन जांच एजेंसी ना तो पेश हुई, ना ही याचिका के विरोध में जवाब दाखिल किया। पीएमएलए मामलों की सुनवाई करने वाले न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि इस याचिका में बेहद आश्चर्यजनक और अजीबोगरीब स्थिति बनाई गई।

# आर एल महतो बी एड कॉलेज में सफल दारोगा अभ्यर्थी को किया गया सम्मानित

**संवाददाता/जकी अहमद**

**समस्तीपुर।** बिहार सरकार द्वारा आयोजित बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा परीक्षा में समस्तीपुर जिला के अधिकांश सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह दलसिंहसराय स्थित आर एल महतो बी एड कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ की गई। इस सम्मान समारोह में दारोगा बनी वीआईपी कॉलोनी निवासी महाविद्यालय की पूर्व छात्रा स्मिता राजश्री, किशुन पंडित, विनीत कुमार, सुप्रिया भारती, किरण कुमारी, सन्नी कुमार, देवानंद कुमार, मनोज कुमार पंडित, इंद्रदेव कुमार, रामबाबु सहनी, राकेश कुमार, नितीन कुमार, रजनीश कुमार, रौशन कुमार इत्यादि ने अपना परिचय देते हुए अपनी सफलता के बारे में अपनी बात को रखा। महाविद्यालय के निदेशक सह जद यू नेता प्रशांत पंकज ने सभी सफल अभ्यर्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी मिथिला चादर व पाग से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशांत पंकज ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ व बधाई देते हुये बताया कि ये लोग इतनी उच्च स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर ली है, यह सब उनकी निष्ठा एवं प्रयत्नों का ही परिणाम है। अधिकांश युवक व युवतियां की चाहत होती है कि वह एक पुलिस अफसर बने। प्रशांत पंकज ने ये भी बताया कि बदन पर खाकी वर्दी कंधे पर स्टार एवं कमर पर लटकती पिस्टल देखकर मुझे काफी अच्छा लगेगा एवं क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व की बात होगी है। समारोह में रामदयालू महतो, राम सकल महतो, हरिचंद्र पोद्दार, जगन्नाथ कुँवर, रामकरण चौधरी, विनोद चौधरी, विमला देवी, मो सिराज, प्रेम किशन महतो, सुधीर कुशवाहा, प्रमोद चौधरी, अरविंद कुमार, उमेश पासवान, पुरुषोत्तम भारद्वाज, मनोज झा, रामपदार्थ महतो, राम सकल सिंह कुशवाहा, उपेंद्र सिंह, महेश्वर सिंह इत्यादि लोग भी उपस्थित रहे।




दैनिक मुंबई हलचल
जरूरी सूचना
पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.
धन्यवाद... संपादक
9821238815

# महिला सिपाही से छेड़छाड़ में कानपुर का व्यापारी लखनऊ में गिरफ्तार

**सवांददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** एक महिला सिपाही से छेड़छाड़ में कानपुर का व्यापारी लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया गया। विक्रान्त नामक इस व्यापारी के कानपुर में होटल और अन्य व्यवसाय है। पुलिस ने उसके खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यहां मिली जानकारी के मुताबिक महिला सिपाही के साथ यह घटना तब हुई जब व्यापारी विक्रान्त सिंह (45) विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग में देर रात कार अंदर ले कर जा रहा था। उसे जाने से मना करने पर उसने महिला सिपाही से खुद को डिप्टी कमिश्नर बताया। फिर उससे छेड़छाड़ भी की। यही नहीं विरोध करने पर उसके कंधे पर हाथ रख कर और अभद्रता करने लगा। इस पर सिपाही ने चौकी प्रभारी को बताया और व्यापारी विक्रान्त सिंह (45) को पकड़ लिया। आरोपित ने पकड़े जाने पर रौब



गांठा पर पुलिस के सामने एक नहीं चली। घटना क्रम के मुताबिक समिट बिल्डिंग में सिपाही मौजूद थी। इसी दौरान रात 11:15 बजे विक्रान्त वहां कार अंदर ले जाने लगा। मना करने पर उसने किनारे कार खड़ी की तो सिपाही ने दूसरी तरफ गाड़ी लगाने को कहा। इस पर विक्रान्त गाड़ी से उतरा और उसने सिपाही से अपना परिचय डिप्टी कमिश्नर के रूप में दिया। यह सुनते ही सिपाही स्कूटी से उतरकर खड़ी हो गई और उनसे अदब से बात करने लगी। इस बीच ही विक्रान्त ने उसके कंधे पर हाथ रख दिया। उसने अभद्रता भी शुरू कर दी। इससे सकपकायी सिपाही ने कुछ दूरी पर खड़े चौकी प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मियों को सूचना दी। पुलिस ने तुरन्त ही विक्रान्त को पकड़ लिया। घटना से कानपुर के उसके साथी व्यापारी दोस्तों में भी हड़कंप मचा है।

## स्लग–ग्राम नावथा आंगनवाड़ी टपकती छत का निर्माण कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट






**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**नेपानगर।** प्रदेश के मुखिया गरीब बच्चों का भविष्य सवारने के लिए तमाम योजनाए बनाकर भविष्य सवारने में लगे हुए हैं लेकिन धरातल पर जमीनी हकीकत और कुछ ही बया कर रही है। बुरहानपुर जिले में हुई तेज बारिश ने सरकार के नुमाइंदों द्वारा कराए गए भवन निर्माण, पुल-पुलिया और सड़कों की पोल खोल खोलकर रख दी, ऐसा ही एक मामला नेपानगर क्षेत्र अंर्तगत ग्राम नावथा में आगनवाड़ी केन्द्र से आया है जहाँ तेज बारिश से आंगनवाड़ी भवन की छत गलने लगी है। छत का गलना बता रहा है कि निर्माण के समय भवन का निर्माण की गुणवत्ता क्या रही होंगी। छत से पानी टपकना भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। आंगनवाड़ी भवन की छत इतनी गल रही है कि छोटे-छोटे बच्चे टेबल कुर्सी के नीचे बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। बाल्टी लगाकर छत से गिरने वाले पानी की रोकथाम की जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्र की छत से पानी टपकने की वजह से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को आने वाले बच्चों को नियमित गतिविधि एवं दिन चर्चा में करने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि हो रही समस्या बारे में हमारे द्वारा वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत को भी समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन हमारी समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। हमारी और बच्चो की अभी तक किसी प्रशानिक अधिकारी ने सुध नही ली है। जिसके चलते हम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को काफी परेशानी का सामना कर आंगनवाड़ी संचालित कर रहे हैं।

## पत्रकार से लिखने बोलने की आजादी छीनने का हक किसी को नहीं: पांडेय

**मुंबई हलचल /भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** पत्रकारों से बहस नहीं करनी चाहिए। हम एक पत्रकार से कैसे कह सकते हैं कि वह एक शब्द भी नहीं लिखेगा या नहीं बोलेगा? पत्रकार भाइयों आप निष्पक्ष, निर्भीक होकर लिखो और बोलो, डंके की चोट पर, तब ही रहेगा कलम का मान और पत्रकार होने का अभिमान। यह कहना हैं प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय का। सभी पत्रकार भाइयों के साथ प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट खड़ा है पत्रकारों की अवहेलना बन्द हो और जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें भारत सरकार। यही प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट की अपने



पत्रकार भाइयों के लिये माँग करता है। उन्होंने सभी पत्रकार भाइयों से निवेदन किया कि निडर और निष्पक्ष होकर खबर लिखे आपके साथ देश की पूरी जनता खड़ी है। देश में शासन प्रशासन द्वारा पत्रकारों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। असामाजिक तत्वों द्वारा पत्रकारों को सच लिखने पर डराने धमकाने पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने सर्वाधिक संख्या में संगठन से जुड़ने की अपील की है।

# आर एस एस के निर्देश पर चल रही केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार


## अनाज, किताब, दवा, कफन आदि जीएसटी लगाकर मोदी सरकार ने गरीबो के साथ क्रूर मजाक किया है



**मधुबनी।** बिहार समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राम सुदिष्ट यादव ने नए जीएसटी दर को लेकर 'आर एस एस' के निर्देशन में चल रही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अनाज, किताब, इलाज और कफन आदि पर जीएसटी लगाकर मोदी सरकार ने गरीबों के साथ क्रूर मजाक किया है। आजाद भारत में पहली बार अनाज और कफन पर टैक्स लगाया गया है। यह आम मानव से जन्म से मरन के बाद दाह संस्कार से टैक्स दक्षिणा जबरन लेकर जनता को कंगाल बनाने की योजना है। इस प्रकार के टैक्स से गरीब और निचले तबके पर इसका ज्यादा असर पड़ेगा। जनता पछले आठ सालों से तबाह हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देशवासी नोटबंदी के बाद से बदहाल अर्थव्यवस्था, बेतहाशा महंगाई, रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी और नौकरी के विकल्पों के अभाव से पहले ही तंग हैं। इस नए बोझ ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। नए जीएसटी के चलते दूध-दही, घी, आटा, चावल, स्टेशनरी के भाव 10-15 फीसदी बढ़ गए हैं। लोगों के भोजन के साथ-साथ पढ़ाई-लिखाई पर इसका सीधा असर पड़ना तय है। हर माह बेरोजगारों की संख्या में डेढ़-दो करोड़ का इजाफा हो रहा है। देश की शासन-प्रशासन, नौकरी, रोजगार, सरकारी संसाधन में अनुपातिक प्रतिनिधित्व नही है वैसे वर्ग के लिए दिन-प्रतिदिन सरकार घातक कानून बनाती जा रही है और लोग चुपचाप टुकुर-टुकुर देख रही है। जनता और राजनयिक मानसिक रूप से गुलाम होने कारण सिर्फ और सिर्फ अपनी जिंदगीभर के लिए सोच पा रही है इसलिए सरकार के हरेक जनविरोधी फैसला सहन करती जा रही है। जबकि जनता एवं राजनयिक दोनों को कम-से-कम सौ सल आगे तक अपनी दृष्टि को फैलाकर देखना चाहिए कि यही स्थिति रहा तो सौ साल बाद हमारा समाज, वर्ग किस हाल में कहां रहेगा। उन्होंने ने कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और बिना सोचे समझे लिए गए अतार्किक फैसलों से एक ओर आय के विकल्प लगातार खत्म हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बढ़ती महंगाई और लगातार नए टैक्सों के कारण बचत और जीवन यापन कठिनतम होता जा रहा है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसान का जीना मुस्किल हो गया है। छोटे और मंझोले किसान एवं व्यापारी बर्बाद हो रहे हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था आम नागरिकों की पहुंच से बाहर होती चली जा रही है। उठो जवानों अंगराई लो... फासिस्टवादी को भगाने को संकल्पित हों।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# दिल के रोगों से राहत दिलाएं अर्जुन की छाल



**अर्जुन का पेड़ जिसे टर्मिनलिया अर्जुन भी कहा जाता है, एक औषधीय पौधा है, जिसे कई बीमारियों के इलाज के लिए आयुर्वेद की तरह इस्तेमाल किया जाता हैं। अर्जुन की छाल में कार्डियोप्रोटेक्टीव और हृदय को मजबूत करने वाले कई गुण होते है। इस औषधि का इस्तेमाल लगभग दिल संबंधी कई रोगों के उपचार के रूप में किया जाता हैं। चलिए आज हम आपको टर्मिनलिया अर्जुन से होने वाले कुछ स्वास्थ्य फायदों के बारे में बताते है, जिनके बारे में शायद ही आप जानते हो।**

**1. फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मददगार**

अर्जुन में मौजूद फ्लैवोनोइड्स और एंटीऑक्सिडेंट तत्व फ्री रेडिकल्स के हानिकारक प्रभाव को कम करके बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। इससे बढ़ती उम्र की दिक्कतें, मधुमेह, कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियां भी दूर होती हैं।

**2. हृदय को रखें स्वस्थ**

हृदय संबंधी रोगों के उपचार के लिए अर्जुन की छाल काफी कारगर साबित होती हैं क्योंकि इसमें हृदय को स्वस्थ और दिल को मजबूत करने वाले गुण होते है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करने और हृदय द्वारा खून को पूरे शरीर में पहुंचाने की क्षमता में वृद्धि करता हैं। इसके अलावा इसके सेवन से हार्ट अटैक का खतरा भी दूर रहता हैं। रोज सुबह-शाम 3 ग्राम अर्जुन की छाल का पानी पीने से हृदय में सूजन और ब्लाकेज की समस्यां भी नहीं होती।

**3. लिपिड डिसऑर्डर**

लिपिड डिसऑर्डर यानी शरीर में उच्च कोलेस्ट्रॉल और ट्रायग्लिसराइड्स वसा की मात्रा या तो ज्यादा होना या कम होना हैं। अगर इनका स्तर शरीर में अधिक है तो हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। यदि आप लिपिड डिसऑर्डर से जूझ रहे है तो अर्जुन का अर्क लेने से काफी फायदा मिलेगा।

**4. हाई ब्लड प्रैशर**

उच्च रक्तचाप जो दिल को नुकसान पहुंचा सकता हैं। हाई ब्लड प्रैशर के मरीज को अक्सर स्ट्रोक, हार्ट अटैक, किडनी डैमेज की प्रॉबल्म होने का खतरा बना रहता हैं। ऐसे में अर्जुन की औषधि में मौजूद प्रोटीन व अन्य गुण हाई बल्ड प्रैशर को कम करने में सहायक होते हैं।

**5. एनर्जी बढ़ाए**

जब आप व्यायाम करते हैं तो अर्जुन औषधि आपके एनर्जी लेवल को बढ़ा देता है। एक शोध के मुताबित, जिन लोगों ने 2 हफ्ते तक लगाकर अर्जुन का अर्क पीया तो उनके ऑक्सीजन को ग्रहण करने की क्षमता 4.9% बढ़ गई। एरोबिक और कार्डियोवैस्कुलर एक्सरसाइज करते समय शरीर को ऑक्सीजन की जरूरत अधिक होती है। ऐसे में अश्वगंधा के साथ अर्जुन की छाल लेने से शरीर की मांसपेशियां को एनर्जी मिलती हैं और व्यायाम करते समय शरीर को जितनी ऑक्सीजन की जरूर होती है, उतनी प्राप्त होती हैं।

**6. डायबिटीज करें कंट्रोल**

अगर आप अपने ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर चुके है तो इस बार अर्जुन की छाल इस्तेमाल करके देखें। शोध का कहना है कि अर्जुन किडनी में ग्लूकोज के लेवल को ठीक करके ब्लड शुगर को कम करता हैं। इसकी छाल में मौजूद टैनिन, फ्लैवोनोइड्स और सैपोनिन जैसे ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म में शामिल एंजाइमों को मिलाने में मदद करते हैं।रोज रात को सोने से पहले इसकी छाल और देसी जामुन के बीजों का चूर्ण बनाकर खाने से शुगर कंट्रोल में रहती है।

# बवासीर हो या कब्ज, हर मर्ज की दवा है अंजीर



भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के भी पास इतना समय नहीं है कि वह अपनी सेहत का ध्यान रख सके। अपनी हैल्थ की केयर ना करने से हाथों-पैरों और शरीर के दूसरे भागों में दर्द होने लगता है। इस दर्द को दूर करने के लिए आप अंजीर खा सकते हैं। एन्टीऑक्सिडेंट से भरपूर अंजीर में पानी 80%, कैल्शियम 0.06%, कार्बोहाईड्रेट 63%, फाइबर 2.3%, वसा 0.2%, प्रोटीन 3.5%, क्षार 0.7%, सोडियम, पोटेशियम, तांबा, सल्फर और क्लोरिन पर्याप्त मात्रा में होते हैं। जो हर तरह के दर्द को दूर करता है। इसके साथ ही अंजीर खाने से और भी कई लाभ होते हैं आज हम आपको उन्हीं फायदों के बारे में बताएंगे।

**1. बवासीर के लिए फायदेमंद**

बवासीर के रोगियों के लिए अंजीर का सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है। रात को 3-4 से अंजीर को भिगोने के लिए रख दें। सुबह उठकर इसको पीसकर खाली पेट खाएं। कुछ दिनों तक लगातार ऐसा करने से बवासीर की प्रॉब्लम से राहत मिलेगी।

**2. अस्थमा से छुटकारा**

अस्थमा रोगियों को सूखे अंजीर खाने चाहिए। सूखे अंजीर खाने से कफ बाहर निकल आता है और अस्थमा से छुटकारा मिलता है। रोजाना 3 से 4 अंजीर को दूध के साथ खाने से कफ दूर होने के साथ ही एनर्जी भी मिलती है।

**3. हड्डियां बनाएं मजबूत**

अंजीर में कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है। जिन लोगों के हाथों-पैरों में दर्द होता है उनको रोजाना 3 से 4 अंजीर का सेवन करना चाहिए। लगातार अंजीर खाने से कुछ ही दिनों में फायदा दिखाई देने लगेगा।

**4. खून की कमी दूर करे**

अंजीर में आयरन भरपूर मात्रा पाया जाता है। जिन लोगों के शरीर में आयरन और खून की कमी हो उनको रोजाना कम से 3 अंजीर खानी चाहिए। इसको खाने से शरीर में कभी खून की कमी नहीं होती।

**5. कब्ज**

कब्ज को दूर करने के लिए अंजीर खाएं। आप चाहे तो अंजीर को शहद के साथ मिलाकर खा सकते हैं। इसके सेवन से आपको काफी आराम महसूस होगा।

**6. डायबिटीज**

अंजीर एक मीठा फल है। मगर इसको खाने से डायबिटीज नहीं बढ़ती है। रोजाना अंजीर को शहद के साथ मिलाकर खाएं। ऐसा करने से डायबिटीज काफी हद तक कंट्रोल में रहती है।

# महीनेभर में डबल चिन से छुटकारा दिलाएंगे ये असरदार टिप्स

मोटापे की वजह से अक्सर चेहरे पर फेट जमा होने लगता है, जिस वजह से चेहरे व चिन की स्किन ढीली पड़ जाती है और नीचे लटकने लगती है। ठुड्डी के नीचे लटकी स्किन को डबल चिन की समस्या भी कहा जाता है। ठुड्डी के नीचे जमा फेट बड़ी भद्दी लगती है। डबल चिन की समस्या को हटाने के लिए लोग न जाने क्या कुछ नहीं करते। तरह-तरह के ट्रीटमेंट व एक्सरसाइज का सहारा लेते हैं। वहीं कुछ लोग सर्जरी के जरिए भी डबल चिन को छिपाने की कोशिश करते है लेकिन इसके कई साइड-इफैक्ट व खर्चा भी बहुत आता है। आप चाहें तो घर की कुछ चीजों का इस्तेमाल करके डबल चिन की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। चलिए आज हम आपको कुछ आसान व असरदार घरेलू टिप्स बताएंगे जो डबल चिन से राहत दिलाने में मदद करेंगे।

**1. कोकोआ बटर -** हफ्ते में दो बार कोकोआ बटर लगाने से भी डबल चिन की समस्या दूर होती है। इससे जल्द ही फेट घटती नजर आएगी।

**2. अंडा व शहद -**2 अंडे में 1 बड़ा चम्मच दूध, 1 बड़ा चम्मच शहद व 1 चम्मच नींबू के रस में पुदीने के तेल की कुछ बूंदे मिलाकर सिर से लेकर डबल चिन तक लगाएं।

**3. खरबूजा व सेब -** खरबूजे व सेब का रस निकालकर उसमें रूई भिगोए और इसे अपने डबल चिन पर लगाएं और 15 से 20 मिनट बाद साफ कर लें। इससे भी डबल चिन की समस्या दूर होगी।

**4. ग्रीन टी -** रोजाना ग्रीन टी पीने से भी डबल चीन की समस्या दूर होती है। इस्के अलावा इससे शरीर का मेटाबॉलिज्म व मोटापा भी कम होता है, जिससे शरीर कई कहीं हिस्सों पर जमा चर्बी भी धीरे-धीरे बर्न होने लगती है।


**5. दूध -** जब भी आपको मौका मिले तो दूध के साथ अपने डबल चिन व पूरे चेहरे की मसाज करें। इससे भी फेट बर्न होगी व चेहरे पर नैचुरल ग्लो आएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# अक्षय कुमार ने किया खुलासा



**करण जौहर** का चैट शो 'कॉफी विद करण 7' शुरू से ही चर्चा में बना हुआ है। शो के हर एपिसोड को लोग खूब पसंद कर रहे है। शो के दौरान ही खिलाड़ी कुमार ने कई बातें शेयर की जिसे जानकर लोगों को भी हैरानी हो रही है। 'कॉफी विद करण 7' में शिरकत करने आए सेलेब्रिटी की पर्सनल लाइफ को लेकर कई तरह की बातें सामने आ ही जाती है। इन गॉसिप को जानने में लोग भी हमेशा तैयार रहते है। हाल ही में शो में आए अक्षय कुमार ने भी अपनी लाइफ से जुड़ी हुई कई बातें शेयर की, जिसपर करण के साथ साथ लोगों को भी काफी हैरानी हुई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण 7' में बताया कि वो अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना के सोशल मीडिया पर उन्हें स्टॉक करते रहते है। साथ ही उन्होंने बताया कि वह ट्विंकल खन्ना के इंस्टाग्राम पर अपनी नजर रखते हैं। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार यहीं नहीं रुके, अक्षय ने शो में एक के बाद कई खुलासे किए। शो के दौरान करण जोहर के एक सवाल पर अक्षय कुमार ने जवाब देते हुए बताया कि कभी कभी ट्विंकल खन्ना को समझाने के लिए उन्हें उनके पैर तक छूने पड़ते हैं।



## सामंथा से तलाक के बाद बदली नागा चैतन्य की जिन्दगी

**नागा** चैतन्य और सामंथा रुथ प्रभु की शादी ने जितना तूल पकड़ा था, उतनी ही मशहूर हुई उनके अलगाव की दांस्ता। जब से दोनों का तलाक हुआ है लोग इसी की बारे मे बाते करते है। हर कोई जानना चाहता है कि इस कपल की राहे अलग क्यों हुई? आखिर ऐसा क्या हुआ जो ये गहरा प्यार कड़वाहट मे बदल गया और देखते ही देखते ये रिश्ता ताश के पत्तो की तरह बिखर गया। हालांकि ये बात और है कि ये दोनों अलग होने के बाद अब ज्यादा खुश है। वही, अब एक्टर ने एक बड़ा बयान दिया है और कहा है कि इस तलाक के बाद उनकी जिन्दगी पूरी तरह बदल गई है। अब वो एक नए इंसान बन गए है। लेकिन कैसे? ये खुद नागा ने बताया है। रिपोर्ट्स की माने तो पत्नी सामंथा से तलाक का दौर नागा चैतन्य के लिए सबसे ज्यादा तकलीफदेह रहा। नागा चैतन्य ने बताया कि वह तलाक के बाद काफी बदल गए हैं। उनका मानना है कि पहले वो इतना खुलकर बात नहीं कर पाते थे लेकिन अब करते हैं। नागा ने कहा कि वह अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों के बहुत करीब महसूस करते हैं। साथ ही नागा चैतन्य खुद को एक नए व्यक्ति की तरह बदला हुआ देखकर काफी खुश हैं।



# गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा से दूर हुए अर्जुन कपूर



**बॉलीवुड** अर्जुन कपूर ने कुछ महीनों पहले ही अपनी गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा के घर के पास 4बीएचके फ्लैट खरीदा था। मगर अब अचानक एक्टर ने उस फ्लैट को बैच दिया है। अर्जुन ने उस फ्लैट को करीब 13 महीने पहले ही खरीदा था। सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि एक्टर ने अपने घर को घाटे में बेचा है। जिससे उनके फैंस काफी ज्यादा हैरान हो गए है। इनता ही नहीं लोग तो उनके कम कीमत पर घर बेचन का कुछ अलग ही मतलब निकाल रहे है। बता दें कि अर्जुन कपूर ने एक साल पहले इस अपार्टमेंट को 20 करोड़ की कीमत पर खरीदा और अब उसे उन्होंने 16 करोड़ में बेच दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता का ये अपार्टमेंट 4364 स्क्वेयर फीट में है। अर्जुन का यह घर सी-फेसिंग था, जहां से वर्ली सी-लिंक का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता था। इसमें स्पा से लेकर लाइब्रेरी, पूल और मिनी गोल्फ कोर्स जैसी कई लग्जरी फैसिलिटी मौजूद है। अपने इस आलीशान अपार्टमेंट को एक्टर ने 4 करोड़ के घाटे से बेचा है। फ्लैट के सेल डॉक्युमेंट की रजिस्ट्री 19 मई को हुई थी। इन डॉक्युमेंट्स को अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने साइन किया था। फिलहाल अर्जुन जुहू स्थित रहेजा ऑर्किड में रहते हैं, जबकि मलाइका 81 औरियेट बिल्डिंग में रहती हैं।